हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 25 अक्टूबर 2026
[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

A Project By
AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.
SINCE 1994...

RERA No : PCGRERA230126002033

Vijaya श्री Heritage

62 Premium APARTMENTS
3 & 4 BHK Premium Apartments

EXCEPTIONAL LUXURY IS ALL YOURS AT JUST 1% MONTHLY EMI.

1% PAY MONTHLY EMI
0% Interest
WITH JUST 25% (10%+15% Plinth Level)
BOOKING AMOUNT

• Grand Entrance • Elite Clubhouse • Open Terrace Garden • In-house Gymnasium

* T&C Apply



SCAN THIS QR FOR DETAILED BROCHURE

Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur (C.G.)

A NEW ERA OF PROSPERITY, PROGRESS & POWER BEGINS NOW

BALAJI ARPA COMPLEX



IDEAL COMMERCIAL SPACES FOR:
• Corporate Offices
• Hospital & Clinics
• Coaching Institutes
• Service Centres
• Banks • Super Market
• Hotels & Restaurants

RERA NO.: PCGRERA260224001735 | Site Address: Guruvihar, Kapil Nagar, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)

AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.
AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Corporate Address: Infront of Chhattisgarh Bhawan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)
CALL NOW:
9826533344, 9300321527

खबर संक्षेप

विभागीय परीक्षा के लिए कर्मचारियों की सूची भेजने के निर्देश

अम्बिकापुर। सरगुजा संभाग में जनवरी 2027 में आयोजित होने वाली विभागीय परीक्षा के संबंध में सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया गया है। आयुक्त, सरगुजा संभाग कार्यालय ने संभाग के सभी संबंधित जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर अपने-अपने जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसकी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि विभागीय परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची 28 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आयुक्त कार्यालय को भेजनी होगी। परीक्षार्थियों को कार्यालय में सीधे आवेदन प्रस्तुत करने के बजाए निर्धारित उचित माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है।

विधायक ने मैनपाट के माझी बस्ती बंदना घुटरापारा को लिया गोद

मैनपाट। विधायक रामकुमार टोप्पो ने मैनपाट विकासखंड एवं भाजपा मंडल राजापुर अंतर्गत ग्राम बंदना के घुटरापारा स्थित माझी बस्ती को गोद लेने की घोषणा की है। विधायक ने आश्वस्त किया कि घुटरापारा माझी बस्ती को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने बस्ती में पहुंचकर माझी समाज के लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। बस्ती की मौजूदा स्थिति, मूलभूत सुविधाओं की कमी तथा शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त चुनौतियों से अवगत होने के बाद उन्होंने बस्ती के समग्र विकास की जिम्मेदारी लेते हुए इसे गोद लेने की घोषणा की। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि कई पीढ़ियां बीत जाने के बावजूद उनकी बस्ती की समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। आवश्यक सुविधाओं के अभाव में उन्हें लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि घुटरापारा माझी बस्ती के युवा साथियों, माताओं-बहनों और वरिष्ठजनों का मैं आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे अपनी समस्याओं से अवगत कराया। हमारा प्रयास रहेगा कि बस्ती में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित किया जाए और यहां के लोगों को बेहतर जीवनयापन के अवसर मिलें। बंदना के घुटरापारा माझी बस्ती को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल राजापुर के विक्की सोनी, जागे राम अगरिया, जीवन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



दसई कर्मा प्रतियोगिता में 13 करमा दलों ने लिया भाग



पोड़ीमोड़। गोटगांव में करमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम करम डार का विधि विधान से बैगा द्वारा पूजा अर्चना की गई साथ ही वाद्य यंत्र मांदर का भी पूजा किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह ने कहा कि करमा हमारी संस्कृति है। गांव के लोग इस त्यौहार को बड़े धूमधाम के साथ मानते हैं लेकिन अब धीरे-धीरे करमा विलुप्त होने की स्थिति हो रही है। इसे बचाए रखना हम सभी आदिवासियों की जिम्मेदारी है इसलिए समय-समय पर इसका आयोजन होते रहना चाहिए। प्रतियोगिता में 13 करमा दलों ने भाग लिया जिसमें पहला पुरस्कार 7 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार तथा तीसरा पुरस्कार 3 हजार रुपये और चौथा पुरस्कार 1 हजार रुपये रहा। जिसमें पहला स्थान मटीगढा, दूसरा स्थान बगड़ा, तीसरा स्थान सुखदेवपुर, और चौथा स्थान खोरमा रहा। इस दौरान त्रिभुवन सिंह टेकाम, जितेन्द्र दुबे, अमर बहादुर सिंह, राजू सिंह आयाम, दिलभरन सिंह, प्यारेलाल नागवंशी, मुकेश गर्ग, मीना शंभू मरावी, ममता सिंह, मनमाती पंडों, प्रदीप सिंह मरावी, सुमंत प्रजापति, शंभू नाथ मरावी, सातेन सिंह श्याम, सोहर साय पैकरा, इन्द्रपाल चेरवा, अपोलो कुजूर, डॉ. महंत लाल सोनवानी, निशा सोनपाकर, प्रतिमा सिंह मरावी, चंद्रिका प्रसाद आयाम, देवचंद पंडो, रामचंद्र मांझी, दयाशंकर कुशरो, अंजली सिंह आयाम, जीतन सोनहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंग्रेजी शराब दुकान के पास से कॉलरीकर्मी की बाइक व हेलमेट हुआ चोरी, जुर्म दर्ज

बिश्रामपुर। नगर पंचायत शिवनंदनपुर स्थित शासकीय मदिरा दुकान के पास खड़ी एसईसीएल कर्मी की पल्सर आरएस 200 मोटरसाइकिल और हेलमेट को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। बिश्रामपुर पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार ग्राम कोरया निवासी अजय सिंह पिता अनिल कुमार सिंह वर्तमान में ग्राम गेतरा में रहकर एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान में कार्यरत हैं। गत दिनों 9 अक्टूबर को वह अपनी पल्सर आरएस 200 मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 ईबी 1697 से शिवनंदनपुर स्थित शासकीय मदिरा दुकान पहुंचा था। शाम करीब पांच बजे उन्होंने दुकान के पास तालाब किनारे मोटरसाइकिल खड़ी की और हेलमेट बाइक पर रख दिया,इसके बाद वह वहीं सो गए। रात करीब 8 बजे नींद खुलने पर मौके से मोटरसाइकिल और हेलमेट दोनों गायब मिले,आसपास तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला,पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मंत्री नेताम और कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद निर्माण में लापरवाही का आरोप

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की बदहाली पर फूटा लोगों का गुस्सा, नगरवासियों ने किया चक्काजाम



चक्काजाम करते क्षेत्रवासी।



कलेक्टर से फोन पर चर्चा करते नपा अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के निर्माण कार्य में कथित लापरवाही और धीमी गति से काम किए जाने को लेकर शुक्रवार को नगरवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। मंत्री रामविचार नेताम और कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद सड़क निर्माण कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने से नाराज क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों ने नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित हुआ। कलेक्टर से नगर पालिका अध्यक्ष की बातचीत के बाद करीब आधे घंटे में चक्का जाम समाप्त किया गया।

खास बातें

- सड़क के दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी कतारें
- कलेक्टर से बातचीत के बाद समाप्त हुआ चक्का जाम

राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही और लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर आज क्षेत्रवासी और जनप्रतिनिधियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में एनएच 343 पर चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान नगर वासियों ने सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं को उठाते हुए संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही लापरवाही का खामियाजा हर रोज लोगों को भुगतना पड़ रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल सहित प्रदर्शन में शामिल जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। सड़क पर धूल का गुबार उड़ता रहता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है। निर्माण कार्य के दौरान सड़क पर मिट्टी डालने से धूल की समस्या और बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए तो धूल से होने वाली परेशानी को काफी हद तक कम किया जा सकता है। प्रदर्शनकारियों ने सड़क के एलाइनमेंट को दुरुस्त नहीं किए जाने पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में आवश्यक सुधार नहीं किया जा रहा है, वहीं बिजली के खंभों की शिफ्टिंग का काम भी लापरवाही के साथ किया जा रहा है। इन समस्याओं के कारण सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और आम लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कलेक्टर से बातचीत की जिसके बाद चक्का जाम समाप्त हुआ और आवागमन बहाल हो सका। प्रदर्शनकारियों ने सड़क निर्माण में तेजी लाने, नियमित पानी का छिड़काव करने, एलाइनमेंट सुधारने, बिजली के खंभों की शिफ्टिंग व्यवस्थित ढंग से कराने तथा नाली निर्माण के बाद रास्तों को सुचारु बनाने की मांग की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, बीडी लाल गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, सिद्धांत यादव, अजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

नाली निर्माण में भी अनदेखी का आरोप

नगरवासियों ने नाली निर्माण कार्य में भी लापरवाही बरते जाने की बात कही। लोगों का कहना है कि नाली निर्माण के दौरान पानी का उचित उपयोग नहीं किया जा रहा है। वहीं, नाली का स्तर ऊंचा हो जाने के कारण कई स्थानों पर लोगों के घरों और अन्य रास्तों से आवागमन में परेशानी उत्पन्न हो रही है। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक नाली निर्माण के बाद जहां नाली के किनारे मिट्टी भरकर रास्ते को सुचारु रखना जरूरी है, वहां भी अपेक्षित काम नहीं किया जा रहा है। इससे स्थानीय निवासियों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों तक आने-जाने में परेशानी हो रही है।

निर्देशों के बाद भी सुधार नहीं होने से नाराजगी

नगर वासियों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 का निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान बुनियादी व्यवस्था की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। मंत्री रामविचार नेताम और कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी यदि निर्माण कार्य में लापरवाही जारी रहती है, तो इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ता है।



लव जिहाद को लेकर विहिप एवं बजरंग दल ने घेरा थाना, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

आदिवासी युवक के साथ प्रेम विवाह के मामले ने तूल पकड़ लिया है। प्रेम विवाह को लव जिहाद बताते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल समेत कंवर समाज एवं सर्व हिंदू समाज ने इस घटना के विरोध में उग्र प्रदर्शन करते हुए पहले नेशनल हाईवे जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने एनएच जाम करने के साथ ही थाने का घेराव किया। पुलिस प्रशासन ने समझाइश के बाद दो घंटे उपरान्त चक्का जाम और आंदोलन समाप्त कराया।

मिली जानकारी के अनुसार पखवाड़े भर पहले नगर सैनिक के पद पर पदस्थ ग्राम बालमपुर निवासी कंवर समाज की आदिवासी युवती एवं महेशपुर निवासी मुस्लिम युवक ने परिवार की रजामंदी के बिना प्रेमविवाह कर लिया था। इस मामले में युवती के परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। घरवालों की आपत्ति के बाद पुलिस ने पूछताछ के लिए युवती को थाने बुलाया था। इस दौरान युवती के घरवालों ने समाज एवं लोक लाज का भय दिखाकर युवती को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन युवती ने उनकी एक नही सुनी और अपनी मर्जी से शादी करने की बात कह युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। घरवालों के काफी समझाने के बाद भी जब कोई असर नही हुआ तब पुलिस ने थाने में युवती का बयान दर्ज करते हुए मजिस्ट्रेटियल बयान कराने के बाद उसकी इच्छानुसार उसे जाने दिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद घरवालों ने एक बार फिर उसे समझाते हुए साथ घर चलने को बोला पर युवती ने साफ इंकार कर दिया। अब इस मामले को लव जिहाद का मामला बताते हुए बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता समेत कंवर समाज एवं सर्व हिंदू समाज रैली की शक्ल में थाने पहुंचे नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। आंदोलनकारी कुछ देर चक्काजाम करने के बाद थाने का घेराव कर दिया और युवक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से ऐसी गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है और पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। सूचना पर एसडीओपी टीएस पट्टावी एवं थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल प्रदर्शनकारियों को समझाइश और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वसन दिया। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने ढाई घंटे तक चले चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन को समाप्त किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपकर कार्रवाई की मांग की है और मांग पूर्ण नहीं उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

- कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना प्रदर्शन हुआ खत्म

इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि युवती के घरवाले एवं प्रदर्शनकारियों के कहना है कि युवती को एक बार थाने बुलाया जाये ताकि घरवाले उससे बातचीत कर लिखित रूप से उसका पक्ष जान सके। इस संबंध में युवती को सूचित किया जायेगा अगर वो आने को राजी हुए तो घरवालों को खबर दे दी जायेगी।

आरटीआई कार्यकर्ता सोनी को मिला भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान



अंबिकापुर। आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को भारत गौरव प्रतिभा रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू में इंटरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल द्वारा आयोजित भव्य समारोह में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तीरथ सिंह रावत के करकमलों से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि तीरथ सिंह रावत ने सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को एक मंच पर सम्मानित करना प्रेरणादायक पहल है। ऐसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने, अपने लक्ष्य हासिल करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तनवीर जफर अली ने की। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों, भाषाओं और संस्कृतियों से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित करना सराहनीय कार्य है। एम्स नई दिल्ली की रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. स्वर्णलता पांचाल ने कहा कि प्रत्येक प्रतिभा सम्मान की हकदार है। किसी व्यक्ति के समर्पण और उपलब्धियों को सार्वजनिक मंच पर पहचान मिलने से उसका मनोबल बढ़ता है। अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डी.के. सोनी को मिला यह सम्मान उनके लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। जनहित से जुड़े मुद्दों को सामने लाने, सूचना के अधिकार के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और कानूनी प्रक्रियाओं के जरिए नागरिकों के हितों से जुड़े विषयों पर काम करने वाले लोगों की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कथित वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस की पदयात्रा एवं प्रदर्शन

डोमनहिल। देश में कथित वोट चोरी, मतदाता सूची से लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोप तथा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों के विरोध में आज शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी द्वारा पदयात्रा एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। यह पदयात्रा बड़ा बाजार स्थित दुर्गा पंडाल से प्रारंभ होकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंची, जहां कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पार्टी के सदस्य उपस्थित रहे। कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया।

पुलिस अधीक्षक और सुशासन तिहार शिविर में दर्ज कराई है शिकायत

शहीद रमाशंकर सिंह के माता-पिता बदहाली में जीने को मजबूर, घर से बेदखल करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमदला के शहीद रमाशंकर सिंह के माता-पिता आज आर्थिक तंगी और पारिवारिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। शहीद के माता-पिता और भाई ने उनकी पत्नी मस्तूरी सिंह पैकरा पर परिवार की देखभाल नहीं करने और माता-पिता को घर से बेदखल करने का गंभीर आरोप लगाया है। परिजन ने मामले में न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक और सुशासन तिहार शिविर में शिकायत दर्ज कराई है।

परिजनों के अनुसार शहीद रमाशंकर सिंह के बलिदान के बाद शासन की ओर से मुआवजा राशि प्रदान की गई थी। इसके साथ ही शहीद की पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति भी मिली। परिवार के सदस्यों का आरोप है कि उस समय परिवार के भरण-पोषण और माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी निभाने की बात कही गई थी, लेकिन कुछ समय बाद शहीद की पत्नी ने परिवार से दूरी बना ली। परिजन का दावा है कि इसके चलते शहीद के माता-पिता और भाई को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार का कहना है कि जिस बेटे ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, आज उसी के माता-पिता को जीवन यापन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। परिजन ने आरोप लगाया कि उन्हें अपने ही घर से बेदखल कर दिया गया, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं।



न्याय और प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग

शहीद के माता-पिता और भाई ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए उनकी स्थिति की जांच करें और यदि लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए। परिजन ने पुलिस अधीक्षक और जन समस्या निवारण शिविर पर शिकायत कर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

लड़की पक्ष के लोगों ने शादी करने से किया इनकार तो युवक ने पी लिया जहर, मौत

अम्बिकापुर। लड़की पक्ष द्वारा शादी करने से इंकार करने से क्षुब्ध हुए युवक ने कीटनाशक पी लिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम खोखनिया ऊपरपारा निवासी कमलेश आ. रामसागर (20 वर्ष) ग्राम परसवार निवासी एक युवती से पहचान होने पर पिछले दो साल से युवती के घर आना जाना कर रहा था और दोनों एक दूसरे को पसंद कर रहे थे। इसी बीच 21 अक्टूबर को कमलेश युवती के घर बाइक से गया था। दूसरे दिन दोपहर को युवक ने कीटनाशक पी लिया। युवक के कीटनाशक पी लेने पर युवती के पड़ोसी दुर्गावती ने फोन कर पिता को बताया कि कमलेश जहर पी लिया है। सूचना पर पिता तत्काल पुत्र के पास जाने लगा तभी रास्ते में युवती की दादी और एक युवक कमलेश को लेकर अस्पताल जा रहे थे। पुत्र की हालत गंभीर देख पिता सहित अन्य लोगों ने तत्काल युवक को रेवतपुर अस्पताल लेकर गए लेकिन अस्पताल में किसी के नहीं होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। इधर मृतक के पिता रामसागर ने पुलिस को बताया कि कमलेश पिछले दो साल से युवती के घर जाया करता था और दोनों एक दूसरे को पसंद करते थे लेकिन लड़की के नाबालिग होने पर शादी नहीं किए थे। इसी बीच लड़की के परिवार वालों ने युवक के शराब पीने पर लड़की की शादी करने से इंकार कर दिया। पिता ने अंदेशा जाहिर किया है कि शादी से इंकार करने पर कमलेश ने जहर पी लिया। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करन पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

राज्योत्सव आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक 26 को

अम्बिकापुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारी के संबंध में 26 अक्टूबर-2026 को समय-सीमा बैठक के पश्चात जिला कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है। संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

पृष्ठ 3 का शेष

28 उपभोक्ताओं के...

विशेष विद्युत न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। आगे भी लगातार जारी रहेगा जांच अभियान पत्थलगांव संभाग के कार्यपालन यंत्री सजेंद्र प्रसाद ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी एवं बकाया राशि का भुगतान किए बिना विद्युत का अनधिकृत उपयोग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति विच्छेदित होने के बाद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना गंभीर मामला है। ऐसे उपभोक्ताओं की नियमित निगरानी की जाएगी तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालन यंत्री की उपभोक्ताओं से अपील

कार्यपालन यंत्री सजेंद्र प्रसाद मरकाम ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया बिजली बिलों का समय पर भुगतान करें तथा विद्युत कनेक्शन विच्छेदित होने की स्थिति में बिना अधिकृत पुनः संयोजन के बिजली का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी का उद्देश्य नियमित एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना है, लेकिन बिजली चोरी एवं अनधिकृत विद्युत उपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गिनाबहार से निकली...

अनिमेष कुजूर ने स्वागत के लिए उपस्थित लोगों का आभार जताया। उनकी उपलब्धि को लेकर स्थानीय लोगों में गर्व का माहौल रहा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करने वाले अनिमेष की सफलता जिले के उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं। उनकी उपलब्धि ने एक बार फिर जशपुर की खेल प्रतिभा को चर्चा में ला दिया है।

जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की रही मौजूदगी-

कार्यक्रम में डॉ पीसी कुजूर, पूर्व विधायक यूडी मिंज, वाल्टर कुजूर, बसंत बेक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक केरकेट्टा, सुनील अग्रवाल, राजकुमार, ब्रजलाल राणा, चाणक्य चौहान, शिव राय, संदीप मिंज, अभिनंद खलखो, शिव लकड़ा, ताहिर अली, दिलीप जैन, अंजना मिंज, अजीम टोप्पो और प्रिया कुजूर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बाइक रैली के आयोजन में जानसन एक्का, अविनाश खलखो, हेमंत कुजूर और आशीष जोनी की भूमिका रही।

भजन सम्राट षडंगी...

भजन सम्राट दिलीप षडंगी के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह संगीतमय कार्यक्रम रात लगभग 9 बजे से शुरू होकर देर रात 2 बजे तक अनवरत चलता रहा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते रहे।

गौवंश के संरक्षण...

व बुजुर्गों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। एक दिग्गज कलाकार की इस अप्रत्याशित सादगी को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। गायन के दौरान उन्होंने पारिवारिक मूल्यों पर भी जोर दिया और माता-पिता, बहन तथा पत्नी के सम्मान की बात कहते हुए उन्हें 'दुर्गा', 'संतोषी' और 'लक्ष्मी' का स्वरूप बताया।

मनमोहक झांकियों और नृत्यों से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक- भजनों की इस मधुर सरिता के साथ-साथ कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत की गई विभिन्न मनमोहक झांकियों और नृत्यों ने भी दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। विशेष रूप से प्रसिद्ध गीत 'जांजगीर के चंदवा बैगा' पर आधारित मनमोहक झांकी और 'काली माता' की सजीव प्रस्तुति दर्शकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। इन झांकियों के साथ कलाकारों के नृत्यों और शानदार प्रदर्शन ने भक्तिमय माहौल में चार चांद लगा दिए और लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

भीड़ में भारी उत्साह- इस भव्य संगीतमय व सांस्कृतिक आयोजन को देखने के लिए तिलगोड़ा प्रांगण में 5 हजार से अधिक लोगों की विशाल भीड़ उमड़ पड़ी थी। दर्शकों का उत्साह देखते ही बनता था और कार्यक्रम के दौरान युवाओं व प्रशंसकों के बीच अपने चहेते कलाकार के साथ सेल्फी लेने की भारी होड़ मची रही। आयोजन को सफल बनाने में सार्वजनिक दुर्गा पूजन महोत्सव समिति, कोतबा की अहम भूमिका रही। समिति के सदस्यों ने भजन सम्राट का पूरे सम्मान व उत्साह के साथ स्वागत किया। उन्हें सम्मान स्वरूप माता की चुनरी ओढ़ाई गई और स्मृति चिह्न भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया गया।

कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन, मताधिकार की सुरक्षा और चुनावी पारदर्शिता की उठाई मांग



रामानुजनगर। श्रीनगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की मजबूती, मताधिकार की सुरक्षा तथा चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का महत्वपूर्ण स्थान है। मतदाता सूची निष्पक्ष होनी चाहिए तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को बिना किसी बाधा के अपने मताधिकार का उपयोग करने का अवसर मिलना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि कांग्रेस चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर को दिल्ली में पुनः प्रदर्शन प्रस्तावित है, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही। कार्यक्रम में मेहंदी यादव, बिहारी कुलदीप, इस्माइल खान, चंद्र दत्त दुबे, आनंद कुंवर, राजेंद्र हितकर, निशी गुप्ता, विजय साहू, शतवंत सिंह, अविनाश साहू, बालमुकुंद दास, गुलाब साहू, हेमंत साहू, रामलखन सिंह, राजू राजवाड़े, कृष्ण साहू, फिरोज खान, दिव्या तांजे, अरबीना और खुशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र साहू ने आभार व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन का समापन किया।

हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 25 अक्टूबर 2026
[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

4
युवाओं को शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास व स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर



खबर संक्षेप

परिजन के डाटने के डर से छात्रा ने पी ली जहर, मौत

अम्बिकापुर। परिजन को बिना बताए पिछले छह दिन से सहेली के घर रह रही छात्रा ने परिजन के डाटने के डर से कीटनाशक पी लिया। परिजन छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम डकवा सड़कपारा निवासी स्नेहा मिंज आ. बीरचंद मिंज (15 वर्ष) कक्षा 9वीं की छात्रा थी। 1 अक्टूबर को घर पर थी तभी गांव के ही रीना और मनीषा उसके घर आए और स्नेहा को बधिमा बाजार घूमने जाने की बात कही। तीना शाम को बाजार चले गए जिसके बाद स्नेहा घर नहीं आई। 7 अक्टूबर की दोपहर स्नेहा की छोटी बहन चांदनी मिंज पिता को बताई कि स्नेहा ढोढ़ीपारा रोड के पास कुछ दवा खा ली है और उल्टी कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और कीटनाशक का गंध जाने पर तत्काल उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच पूछताछ में छात्रा ने बताई कि वह खैरबार निवासी सहेली के घर में थी और परिवार वालों के डाटने के डर से कीटनाशक पी लिया। निजी अस्पताल में लंबे समय तक इलाज चलने के बाद बीती रात छात्रा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

मजदूर ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

अम्बिकापुर। रघुनाथपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी मिनरल रिफाइनरी फैक्ट्री की मजदूर कॉलोनी में एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में काम करने वाले श्रमिकों के बीच हड़कंप मच गया। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका पता नहीं चल सका है। बिहार के जिला सिवान अंतर्गत ग्राम भेखपूर्वा निवासी अभिमन्यु शाह आ. संपत शाह (22 वर्ष) मां कुदरगढ़ी मिनरल रिफाइनरी फैक्ट्री में हेल्पर के पद पर काम करता था और फैक्ट्री परिसर में स्थित मजदूर कॉलोनी के एक कमरे में रहता था। 21 अक्टूबर को अभिमन्यु ने दोपहर करीब एक बजे तक ड्यूटी की। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। दोपहर 2 बजे से उसकी दोबारा ड्यूटी थी, लेकिन वह काम पर नहीं पहुंचा। शाम करीब 5 बजे उसके साथ काम करने वाला एक व्यक्ति उसे देखने कमरे पर पहुंचा। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने पर उसने इसकी सूचना फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों को दी। इसके बाद किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला गया। अंदर अभिमन्यु गमछे के सहारे फांसी पर लटका मिला। उसे नीचे उतारकर तत्काल एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आज परिजन के आने के बाद मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

ट्रेलर ने एक्सयूवी कार को मारी टक्कर

बिश्रामपुर। प्रयागराज में अस्थि विसर्जन कर अपने गांव लौट रहा पटेल परिवार लटोरी चौकी क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में सड़क हादसे का शिकार हो गया,तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से एक्सयूवी कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया,वहीं कार में सवार कई लोगों को चोटें आईं हैं। घायलों का अम्बिकापुर और बिलासपुर के अस्पतालों में उपचार जारी है। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक रिश्तेदार को सिम्स से रेफर किए जाने के बाद अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पिपरदा निवासी प्रार्थी नरोत्तम प्रसाद पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उनके बड़े भाई रामेश्वर प्रसाद पटेल परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ 20 अक्टूबर को अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज गए हुए थे।

कनेक्शन कटने के बावजूद अवैध उपयोग करने वालों पर कार्रवाई

बिजली चोरी पर शिकंजा, 58 स्मार्ट मीटर की जांच, 28 मामले में पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के पत्थलगांव में बिजली चोरी एवं बकाया बिलों का भुगतान किए बिना अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 58 स्मार्ट मीटर कनेक्शनों की जांच की गई, जिनमें 28 उपभोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जाना पाया गया। इन मामलों में स्थल निरीक्षण प्रपत्र तैयार कर पंचनामा की कार्रवाई की गई।



तीन विशेष जांच दल का गठन

कार्यपालन यंत्री सजेंद्र प्रसाद के निर्देशन में तीन विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच दल के प्रमुख सहायक यंत्री पत्थलगांव केके देशमुख, कनिष्ठ यंत्री लुड़ेग शैलेश भगत एवं कनिष्ठ यंत्री कोतबा अरुण तिग्गा शामिल थे। जांच दल ने विशेष रूप से ऐसे उपभोक्ताओं के परिसरों का निरीक्षण किया गया, जिनके स्मार्ट मीटर के माध्यम से बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं करने के कारण ऑनलाइन विद्युत आपूर्ति विच्छेदित कर दी गई थी। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ उपभोक्ता विद्युत कनेक्शन विच्छेदित होने के बावजूद अनधिकृत तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे थे।

28 उपभोक्ताओं के विरुद्ध पंचनामा

अभियान के अंतर्गत कुल 58 कनेक्शनों की जांच में 28 उपभोक्ताओं अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाए गए।इन सभी उपभोक्ताओं पर 12.70 लाख रुपए राशि बकाया थी। जांच दल ने संबंधित परिसरों का स्थल निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया। संबंधित उपभोक्ताओं को तीन दिवस के भीतर बकाया विद्युत बिल का भुगतान करने की हिदायत दी गई है। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किए जाने पर नियमानुसार ⏭शेष पेज 2 पर



मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर कुनकुरी पत्थलगांव सड़क निर्माण में तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले की महत्वपूर्ण कुनकुरी–पत्थलगांव सड़क के निर्माण कार्य में तेजी आई है। करीब 125 करोड़ रुपये की लागत से 65 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। सड़क के साथ ही पुल-पुलियों का निर्माण भी प्राथमिकता से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही आवागमन की परेशानी से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।

- 125 करोड़ की 65 किमी लंबी सड़क का निर्माण जारी, जल्द पूरा होगा इंतजार
- कुनकुरी, कांसाबेल और पत्थलगांव के लोगों को मिलेगी बेहतर आवागमन सुविधा

कुनकुरी से कांसाबेल होते हुए पत्थलगांव एवं राजधानी रायपुर सहित अन्य पड़ोसी राज्य जाने वाला यह मार्ग जिले की यातायात व्यवस्था के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। लंबे समय से सड़क निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए निर्माण कार्य में आई तेजी राहत और उम्मीद की नई किरण लेकर आई है। सड़क के अधूरे हिस्सों में निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है, वहीं पुल-पुलियों के निर्माण के लिए आवश्यक डायवर्सन की व्यवस्था भी की गई है, ताकि निर्माण के दौरान आवागमन बाधित न हो। कुनकुरी, कांसाबेल और पत्थलगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह सड़क आवागमन का प्रमुख माध्यम है। सड़क के बेहतर होने से ग्रामीणों, विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि उपज के परिवहन, स्थानीय व्यापार और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में सड़क अधोसंरचना का विकास महत्वपूर्ण कदम है। कुनकुरी–पत्थलगांव सड़क का निर्माण पूरा होने से न केवल यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी, बल्कि क्षेत्र के विकास और लोगों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। वर्षों से बेहतर सड़क की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों को अब इस महत्वपूर्ण परियोजना के जल्द पूर्ण होने की उम्मीद है।

एथलीट अनिमेष का कुनकुरी में भव्य स्वागत, निकली बाइक रैली

जशपुरनगर। एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतकर देश और जशपुर जिले का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय एथलीट अनिमेष कुजूर का शनिवार को कुनकुरी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत में बाइक रैली निकाली गई। आतिशबाजी और जयकारों के बीच जय स्तंभ चौक पर आयोजित अभिनंदन समारोह में लोगों ने फूल-मालाओं से उनका सम्मान किया।

अपने चहेते खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह नजर आया। अनिमेष कुजूर अपने पिता अमृत कुजूर और माता रीना कुजूर के साथ कुनकुरी पहुंचे। उनके आगमन पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनकी खेल उपलब्धि पर गर्व जताया। अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर पदक जीतने वाले जिले के इस खिलाड़ी को सम्मानित करने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे।



गिनाबहार से निकली बाइक रैली जय स्तंभ चौक पर हुआ अभिनंदन

स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत गिनाबहार के अटल चौक से हुई। यहां से बाइक रैली निकाली गई, जो बाजार डांड रोड होते हुए कुनकुरी बस स्टैंड पहुंची। इसके बाद मेन रोड से होते हुए रैली जय स्तंभ चौक पहुंची। पूरे रास्ते उत्साह का माहौल रहा। आतिशबाजी और जयकारों के बीच अनिमेष का स्वागत किया गया। जय स्तंभ चौक पर आयोजित समारोह में उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। युवाओं के लिए प्रेरणा बने अनिमेष अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए ⏭शेष पेज 2 पर

पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन हेतु 31 तक विशेष अभियान

जशपुरनगर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुपालन में जशपुर जिले में छूटे हुए एवं नये पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अरायपुर भियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। विशेष अभियान के अंतर्गत 17 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके युवाओं तथा 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना से जिले में बदली हजारों परिवारों की जिंदगी



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित जशपुर जिले में हजारों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

वर्षों से कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। आज जिले के हजारों परिवार पक्की छत के नीचे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम-जनमन ने गरीब, जरूरतमंद और विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई है। वहीं, मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वे कर छूटे हुए परिवारों को भी पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है, ताकि वे सुरक्षित और बेहतर जीवन जी सकें। आवास के साथ स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय और एलपीजी जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता भी जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्षों तक अभावों के बीच जीवन बिताने वाले परिवारों के लिए पक्का मकान किसी सपने से कम नहीं था। कच्चे मकानों की कमजोर दीवारें और जर्जर छतें उनकी परेशानियों को बयां करती थीं। बारिश के दिनों में घरों में पानी भर जाना, घरेलू सामान का भीगना और रातभर जागकर समय बिताना उनकी मजबूरी थी।

शासन की संवेदनशील पहल से हजारों परिवार लाभान्वित

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जशपुर जिले में अब तक 1 लाख 12 हजार 922 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 97 हजार 165 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इन पक्के मकानों में परिवार अपने प्रियजनों के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। यह उपलब्धि जिले में आवासहीन और जरूरतमंद परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत वर्ष 2023 से 2025 के दौरान जिले में 2, हजार113 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 1 हजार 626 से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस योजना से विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने में मदद मिली है। जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के परिवार भी पक्के मकानों में रहने का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सुरक्षित आवास मिलने से उनके जीवन में स्थिरता आई है और परिवारों को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से बेहतर सुरक्षा मिल रही है।



भजन सम्राट षडंगी के गीतों पर मंत्रमुग्ध हुए लोग, गौवंश संरक्षण का संदेश

मंच से उतरकर बुजुर्गों के छुए पैर, जमीन पर बैठकर दी प्रस्तुति

कोतबा। धर्मनगरी कोतबा के तिलगोगा प्रांगण में पहली बार सार्वजनिक दुर्गा पूजन महोत्सव समिति की ओर से छत्तीसगढ़ लोकगीत गायक भजन सम्राट दिलीप षडंगी के भजन संध्या का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान 'इंसान से इंसान का हो भाईचारा, यही पैगाम हमारा' और 'हम उस देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है' जैसी पंक्तियों के साथ देशभक्ति और धार्मिक एकता के जज्बे को चरितार्थ करते हुए 23 अक्टूबर की रात एक ऐतिहासिक भजन संध्या में तब्दील हो गई। नगरवासियों ने पूरे नगर में केवल एक जगह विधि-विधान से दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर, जिस अद्भुत एकता का परिचय दिया है, उसकी हर ओर जमकर तारीफ हो रही है। इसी एकता की मिसाल के बीच सार्वजनिक दुर्गा पूजन महोत्सव समिति के तत्वावधान में तिलगोड़ा प्रांगण में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जसगीत गायक और ⏭ शेष पेज 2 पर



गौवंश के संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम का सबसे सशक्त और मर्मस्पर्शी हिस्सा गौवंश के संरक्षण का संदेश रहा। दिलीप षडंगी ने अपने प्रसिद्ध भजन 'हे गोविंद गोपाला' के माध्यम से समाज में गोहत्या रोकने और गौवंश की रक्षा का एक बेहद भावुक और कड़ा संदेश दिया। इस भजन में भगवान कृष्ण से प्रार्थना करते हुए गायों की पीड़ा को गहराई से दर्शाया गया। उन्होंने अपनी आवाज से लोगों को यह याद दिलाया कि सनातन संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए गोवंश पर हो रहे अत्याचारों को रोकना और उनकी रक्षा करना हर व्यक्ति का परम कर्तव्य है। उनके इस सामाजिक-धार्मिक आह्वान ने वहां मौजूद दर्शकों की अंतरात्मा को झकझोर दिया। कार्यक्रम में उस वक्त एक बेहद भावुक पल आया, जब दिलीप षडंगी ने अपनी अद्भुत सादगी का परिचय दिया। अपना लोकप्रिय गीत 'आमा पान के पतरी' गाते हुए वे अचानक मंच से नीचे उतर आए और सीधे आम जनता के बीच पहुंच गए। बिना किसी दिखावे के, उन्होंने जमीन पर बैठकर अपना गीत पूरा किया और वहां मौजूद वृद्ध महिलाओं ⏭शेष पेज 2 पर

खबर संक्षेप



खड़ी बाइक जलकर खाक आग लगाने की आशंका

रायगढ़। शहर के बेलादुला इलाके में घर के बाहर खड़ी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई। सुबह जब वाहन मालिक बाहर निकला, तो बाइक पूरी तरह आग की चपेट में आ चुकी थी। वाहन मालिक ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर जानबूझकर आग लगाने का संदेह जताते हुए चक्रधरनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र के कोमो निवासी संजय दास महंत रायगढ़ के बेलादुला में मनोज पटनायक के किराये के मकान में रहकर निजी नौकरी करता है। उसके नाम पर बजाज पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एएम 4145 पंजीकृत है। बताया गया कि 21 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे संजय ने अपनी बाइक मकान के बाहर खड़ी की और खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। अगले दिन 22 अक्टूबर की सुबह करीब 4 बजे जब वह उठा और बाहर पहुंचा, तो उसकी मोटरसाइकिल जली हुई मिली। घटना के बाद वाहन मालिक ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक में आग लगाई है। उसने चक्रधरनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल बाइक में आग लगने के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

कांग्रेस के धरने को भाजयुमो अध्यक्ष ने घेरा

रायगढ़। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे धरना-आंदोलन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुमीत शर्मा ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि रायगढ़ में ओपी चौधरी के प्रयासों को नजरअंदाज कर कांग्रेस विकास कार्यों में बाधा डालने का प्रयास कर रही है। सुमीत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपने पांच साल के कार्यकाल में विकास के ठोस उदाहरण पेश नहीं कर पाई और अब विकास कार्यों पर सवाल उठाकर जनता के हितों को प्रभावित करना चाहती है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल विरोध करना नहीं, बल्कि सजग प्रहरी के रूप में काम करना और सत्ता पक्ष को आईना दिखाना भी है। स्वस्थ आलोचना से ही लोकतंत्र में जनता का विश्वास मजबूत होता है। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि पार्टी अपने कार्यकाल के विकास कार्यों का हिसाब दे या ऐसे पांच काम गिनाए, जो जनहित के लिए अत्यंत आवश्यक थे और जिन्हें उसने पूरा किया हो। उन्होंने दावा किया कि विधायक के रूप में ओपी चौधरी द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को देखकर कांग्रेस के प्रति जनता का विश्वास कमजोर हो रहा है। भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार के पांच साल के कार्यकाल के दौरान रायगढ़ जिले में मंत्री, स्थानीय विधायक और महापौर कांग्रेस पार्टी से ही थे। इसके बावजूद कांग्रेस अपने कार्यकाल के पांच प्रमुख जनहितकारी कार्यों को बताने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कार्यकाल में विकास के बजाय कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा।

दिसंबर तक कई ट्रेनें रद्द, उत्कल एक्सप्रेस का बदलेगा रूट

रायगढ़। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल अंतर्गत झारसुगुड़ा पैसेंजर यार्ड में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते नवंबर और दिसंबर में रेल यातायात प्रभावित रहेगा। 27 नवंबर से 17 दिसंबर तक निर्धारित तिथियों में होने वाले इस कार्य का असर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कई यात्री ट्रेनों पर पड़ेगा। रेलवे ने इस दौरान कई एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करने, कुछ का मार्ग बदलने और कुछ ट्रेनों को निर्धारित गंतव्य से पहले समाप्त करने का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार, टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस, बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, दुर्ग-हटिया एक्सप्रेस, हटिया-दुर्ग एक्सप्रेस और बिलासपुर-बक्सर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों का परिचालन निर्धारित तिथियों में रद्द रहेगा।

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, परिश्रम ही लक्ष्य प्राप्ति का एकमात्र रास्ता: तोमर

युवाओं को शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास व स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय राम भजन राय एनईएस पीजी कॉलेज जशपुर में शनिवार 24 अक्टूबर को युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर शामिल हुए। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान युवाओं के करियर मार्गदर्शन, शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास, खेल एवं युवा कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के सचिव ए एक्का, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, कॉलेज के प्राचार्य एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को राज्य सरकार की ओर से युवाओं के कल्याण, शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास एवं खेल के क्षेत्र में की जा रही प्रमुख पहलों, निर्णयों और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम की शुरुआत बीजापुर से की गई है और इसी क्रम में आज जशपुर में इसका आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं से सीधे संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना तथा उनके विचारों और सुझावों को शासन तक पहुंचाना है। श्री तोमर ने विद्यार्थियों से कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से वे अपने सुझाव लिखित रूप में आयोग को दें। युवाओं से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से पढ़ा जाएगा और उन पर यथासंभव सकारात्मक कार्रवाई करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा, संस्कृति और समृद्ध परंपराओं की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। युवा किसी भी राज्य की रीढ़ होते हैं। वे केवल प्रदेश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी हैं। युवाओं की सोच, ऊर्जा और नवाचार की क्षमता ही छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। श्री तोमर ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। केवल परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के माध्यम से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक एवं गलत जानकारियों से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल का उपयोग सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों तरीकों से किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश के युवा अपनी प्रतिभा, मेहनत और नवाचार के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों, रोजगार की जानकारी एवं आयोग की विभिन्न गतिविधियों के बारे में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जनपद अध्यक्ष भगत ने युवाओं को किया प्रेरित

कार्यक्रम में जशपुर जनपद पंचायत के अध्यक्ष गंगाराम भगत ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं के लिए आयोजित किया गया है, ताकि उन्हें अपने भविष्य, करियर और रोजगार के अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन मिल सके। उन्होंने कौशल विकास एवं रोजगार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को नशे एवं नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने की सलाह दी। श्री भगत ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार क्षेत्र का चयन करना चाहिए तथा दृढ़ निश्चय के साथ अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का उल्लेख करते हुए युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण के महत्व और रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, करियर चयन, कौशल विकास और व्यक्तित्व निर्माण के प्रति जागरूक करते हुए जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रकाश डाला। युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करने, उनकी जिज्ञासाओं एवं सुझावों को सामने लाने तथा उन्हें शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास के विभिन्न अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया गया। अंत मे कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा मोमेंटो एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की प्रतिभा और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

1 नवंबर से पॉलीथिन कैरी बैग व पानी पाउच प्रतिबंधित

घरघोड़ा। नगर पंचायत घरघोड़ा ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबंधित पॉलीथिन कैरी बैग एवं पानी के पाउच के उपयोग, बिक्री और वितरण पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 1 नवंबर से नगर पंचायत क्षेत्र में प्रतिबंध लागू होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सामग्री जब्ती, जुर्माना और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में परिषद की बैठक में पारित संकल्प क्रमांक 08, दिनांक 12 अगस्त 2026 का उल्लेख किया गया है। आदेश के दायरे में दुकानदारों, ठेला संचालकों, होटल-रेस्टोरेंट संचालकों, साप्ताहिक हाट-बाजार के विक्रेताओं, थोक व्यापारियों, वितरकों और संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को शामिल किया गया है। व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित तिथि से पहले मौजूदा स्टॉक समाप्त करें अथवा आदेशानुसार उसका निपटान करें। साथ ही प्रतिबंधित सामग्री का नया स्टॉक मंगाने, भंडारण, परिवहन और आपूर्ति से बचने को कहा गया है। नगर पंचायत ने आदेश में छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 233 एवं 234 का उल्लेख करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है। प्रतिबंध लागू होने के बाद निरीक्षण के माध्यम से नियमों के पालन की जांच की जाएगी।

संजय मार्केट में आधुनिक वॉशरूम का लोकार्पण

रायगढ़। शहर में नागरिक सुविधाओं के विस्तारए सार्वजनिक स्थलों के आधुनिकीकरण और बाजार क्षेत्रों को व्यवस्थित स्वरूप देने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र संजय मार्केट में एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त आकांक्षी टॉयलेट ब्लॉक तैयार किया गया है।

लंबे समय से प्रतीक्षित इस आधुनिक सार्वजनिक सुविधा का महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, एमआईसी सदस्य सुरेश गोयल, श्रीमती पूनम सोलंकी, अमित शर्मा, पार्षद यादराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधिवत लोकार्पण किया। इसके साथ ही एसपी कॉम्प्लेक्स के पास फूल मार्केट निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। संजय मार्केट शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, ग्राहक और आम नागरिक पहुंचते हैं। ऐसे में यहां आधुनिक, स्वच्छ और सुविधायुक्त सार्वजनिक वॉशरूम की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। नगर निगम द्वारा इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दो मंजिला आकांक्षी टॉयलेट ब्लॉक विकसित किया गया है। इसमें महिला एवं पुरुषों के लिए अलग.अलग व्यवस्थाओं के साथ दिव्यांगजनों और छोटे बच्चों की जरूरतों का भी विशेष ध्यान रखा गया है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह टॉयलेट ब्लॉक बाजार आने वाले नागरिकों के लिए सुविधाजनक साबित होगा और सार्वजनिक स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। इसी तरह फूल मार्केट निर्माण से व्यवस्थित रूप से फूल व्यापारियों को जगह मिलेगा। इसके लिए एसपी परिसर के रिक्त जगह पर फूल मार्केट का निर्माण व्यवस्थित रूप से होगा, जहां एक ही जगह पर फूल माला पूजा अर्चना की सामग्री उपलब्ध होगी। दो मंजिला इस आकांक्षी टॉयलेट ब्लॉक में कुल 20 सीटों की व्यवस्था की गई है। ग्राउंड फ्लोर पर महिलाओं के लिए चार इंडियन सीटए दो वेस्टर्न सीटए दो यूरिनलए दो बाथरूम, दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष टॉयलेटए दो वॉश बेसिन तथा एक बेबी केयर रूम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं, प्रथम तल पर पुरुषों के लिए छह इंडियन सीट, दो वेस्टर्न सीट, पांच यूरिनल, तीन बाथरूम और दो वॉश बेसिन की व्यवस्था की गई है।

नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए बैच के लिए प्रवेश परीक्षा 1 को

निशुल्क प्रतियोगी परीक्षा तैयारी का मिलेगा अवसर, 16 नवंबर कक्षाएं

जशपुरनगर। जिला प्रशासन जशपुर की ओर से संचालित नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए बैच में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 अक्टूबर से शुरू हो गई है। जिले के युवाओं को विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 26 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए सत्र के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, छत्तीसगढ़ व्यापम, एसएसबी से संबंधित पटवारी, अमीन एवं छात्रावास अधीक्षक जैसी भर्ती परीक्षाओं तथा कर्मचारी चयन आयोग जीडी परीक्षा की तैयारी के लिए बैच संचालित किए जाएंगे। इसके माध्यम से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन एवं अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। चार केंद्रों में होगी प्रवेश परीक्षा- नए बैच में प्रवेश के लिए परीक्षा एक नवंबर को ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले के चार परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव और बगीचा शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 5 नवंबर को घोषित किया जाएगा। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 12, 13, 14 एवं 15 नवंबर को आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 16 नवंबर 2026 से नए बैच की कक्षाएं प्रारंभ होंगी। 50 विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क हॉस्टल सुविधा- संस्थान में प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर कुल 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क हॉस्टल सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें छात्र एवं छात्राएं दोनों शामिल होंगे। इससे चयनित विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान आवास की सुविधा मिल सकेगी।

मेरिट के आधार पर 50 विद्यार्थियों को मिलेगी निशुल्क हॉस्टल सुविधा

गूगल फॉर्म से करना होगा आवेदन- अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन गूगल फॉर्म के माध्यम से जमा करना होगा। आवेदन फॉर्म का लिंक प्राप्त करने और प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थियों को नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के आधिकारिक व्हाट्सऐप एवं टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन जशपुर एवं नवसंकल्प शिक्षण संस्थान द्वारा जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

युवा उड़ान कार्यक्रम में युवाओं में दिखा जोश, विकसित भारत के संकल्प के साथ तुलनात्मक अध्ययन पर चर्चा



रायगढ़। छत्तीसगढ़ सरकार और छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के संयुक्त तत्वावधान में रायगढ़ में युवा उड़ान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर शामिल हुए। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमीत शर्मा सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के सैकड़ों पदाधिकारी और हजारों युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था।

युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि भारत की युवा आबादी देश की सबसे बड़ी ताकत है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब युवा देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन युवाओं को नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले, नवाचार करने वाले और स्टार्टअप स्थापित करने वाले उद्यमी के रूप में तैयार करना है।

उन्होंने चंद्रयान मिशन, डिजिटल भुगतान प्रणाली, खेल और स्टार्टअप के क्षेत्र में भारतीय युवाओं की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी युवा नेतृत्व की प्रेरक मिसाल हैं। उनके नेतृत्व में शिक्षा, खेल, लाइब्रेरी और नालंदा परिसर जैसे क्षेत्रों में हो रहे कार्य युवाओं के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने युवाओं से कौशलयुक्त, आत्मनिर्भर और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित नागरिक बनने का आह्वान किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुमीत शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और उद्यमिता में आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने घोषणा की कि युवा मोर्चा प्रत्येक कॉलेज और वार्ड में युवा उड़ान संवाद आयोजित करेगा।

मिलूपारा में अदाणी फाउंडेशन की केंद्रीय खेल प्रतियोगिता

रायगढ़। ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्राम मिलूपारा स्थित आदर्श ग्राम्य भारती विद्यालय में केंद्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में तमनार, धरमजयगढ़, मिलूपारा, पुसौर, धौराभांठा, लिखा और राजपुर सहित सात स्कूल क्लस्टरों के 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बंसीधर चौधरी, श्रीमती नंदिनी मनोज राय, पेलमा साइट हेड, गारे पेल्मा-3 साइट हेड एवं लॉजिस्टिक्स हेड की उपस्थिति में हुआ। विशिष्ट अतिथियों में मिलूपारा सरपंच उद्धव भगत, उपसरपंच सीताराम चौधरी, मंडल अध्यक्ष सरोज बेहरा, यादलाल नायक, बबलू पटेल, अशोक पटेल और नित्यानंद सहित अदाणी समूह के प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल रहे। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी और खो-खो के मैदान में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

कांग्रेस का वोट बचाओ देश बचाओ आंदोलन, निकाली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार तथा बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे एवं जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अध्यक्ष ताराचंद देवांगन के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसीवा द्वारा राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ, देश बचाओ जनआंदोलन के द्वितीय चरण के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरसीवा बस स्टैंड से तहसील कार्यालय तक पदयात्रा निकाली। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने, मतदाता सूची की विश्वसनीयता बनाए रखने तथा नागरिकों के मताधिकार की सुरक्षा की मांग उठाई गई। पदयात्रा के पश्चात कांग्रेसजनों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका एवं कार्यप्रणाली को लेकर उठाए जा रहे सवालों की निष्पक्ष समीक्षा करने और उन्हें पद से हटाने की मांग संबंधी ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार सरसीवा को सौंपा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला दहन कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर विधायक कविता प्राण लहरे सहित उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता, संविधान की गरिमा और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा पर जोर दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए निष्पक्ष चुनाव और मताधिकार की सुरक्षा आवश्यक है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्राण लहरे, जागेश्वर लहरे, नीतीश बंजारे, राजकुमार जांगड़े, सुकुल लहरे, उज्जैन रात्रे, सेतु साहू, परस बंजारे, आनंद साहू, सोमनाथ पटेल, धनालाल साहू, रोहित साहू, आकाश पांडेय, प्रियांशु जांगड़े, अब्दुल्ला खान, भूषण भारद्वाज, अनुज खटकर, संतोष कुर्रे, विनोद बंजारे, कमल बंजारे, उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसीवा ने लोकतंत्र की मजबूती, निष्पक्ष चुनाव और जनता के मताधिकार की सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया।

पीवी ऐप में एक ही लोकेशन पर दिख रहे कई खसरे, बढ़ा विवाद

खेतों के आकार में भी बड़ा अंतर, आड़े-तिरछे नक्शे ने उलझाया विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतीक मिश्रा



खेतों में लगी फसल का पीवी ऐप के माध्यम से भौतिक सत्यापन कराने को लेकर शासन लगातार जोर दे रही है, लेकिन इस ऐप में कई तरह की तकनीकी खामियां बाद में विवाद की बड़ी वजह बन सकती है। ऐसा हम नहीं बल्कि यह ऐप खुद ही इस बात को बयां कर रहा है। क्योंकि एक या दो नहीं बल्कि हर गांव में ऐप गलत आंकड़े प्रदर्शित कर रहा है। जैसे एक ही लोकेशन पर कई खतरों का स्थित होना, खेतों के आकार में भी भुइँया पोर्टल या ऐप में प्रदर्शित नक्शे के अनुसार बड़ा अंतर होना दिखाई दे रहा है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा पीवी ऐप के माध्यम से खेतों में लगाई गई फसलों का भौतिक सत्यापन करने को लेकर आदेश दिया गया है। किंतु शुरू से ही इस ऐप में कई तरह की तकनीकी खामियां होने की बात पटवारी संघ कहता रहा है। इसके अलावा पटवारियों द्वारा इस ऐप का बहिष्कार करने तथा इसके माध्यम से किए जाने वाले भौतिक सत्यापन में विवाद की स्थिति बनने की बात कही जा रही है। इसकी मुख्य वजह है कि यह ऐप में एक ही स्थान या लोकेशन पर अलग-अलग खतरे प्रदर्शित हो रहे हैं, जबकि धरातल पर यह सभी खसरे अलग-अलग दूरी पर स्थित हैं। इसके अलावा खेत के आकार व नक्शे में भी बड़ा नजर आ रहा हैं। यानी वास्तव में जिस खेत का आकार आयताकार है, वह पीवी ऐप में त्रिकोण या फिर दूसरे आकार का नजर आ रहा है। यही वजह है कि इस तरह की तकनीकी खामियों के कारण किसानों को तो नुकसान हो सकता है, वहीं दूसरी ओर इससे भविष्य में विवाद की स्थिति भी निर्मित होने की संभावना बनी हुई है। उदाहरण के रूप में समझे तो पुसौर विकासखंड के ग्राम दर्रामुडा में खसरा नंबर 6/3 और 7/5 की लोकेशन एक ही है, जबकि दोनों खसरों की वास्तविक लोकेशन अलग-अलग है। ठीक इसी प्रकार दर्रामुड़ा गांव में ही खसरा नंबर 10/1/क, 10/1ख, 11/2/ख, एक ही लोकेशन में प्रदर्शित हो रहा है।



